## खबर संक्षेप

### आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज छायाचित्र प्रदर्शनी

**कांकेर।** आपातकाल विषय पर आधारित एक दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज 25 जून को किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र की हत्या आपातकाल विषय पर जिला पंचायत परिसर में एक दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा और साथ ही जिले में निवासरत मीसाबंदियों तथा उनके परिजनों को आमंत्रित कर सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सम्मेलन, परिचर्चा एवं संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

### चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने, डबरी-तालाब एवं बांध में डूबने से मृत्यु हो जाने के सात प्रकरण में उनके आश्रितों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

तहसील अंतागढ़ के ग्राम कौड़ोखसगांव निवासी 38 वर्षीय नरसिंह कावड़े की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने से उनकी पत्नी रंजिता कावड़े को चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आमाबेड़ा तहसील के ग्राम कुरूटोला की महिर हिड़को की डबरी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता पराउ राम एवं समिता हिड़को, दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम नेड़गांव की 03 वर्षीय जगेश कुमार दर्रो की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर माता-पिता शिवरू राम एवं फुलेश्वरी दर्रो, ग्राम लोहत्तर निवासी 38 वर्षीय ईश्वर यादव की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने से पत्नी प्रतिभा यादव, पखांजूर तहसील के पीव्ही 118 रतनपुर निवासी 27 वर्षीय केशव दास की सर्प काटने से मृत्यु होने से पत्नी सुष्मिता दास और पखांजूर के ग्राम अंजाड़ी की 02 वर्षीय आदित्य कोर्राम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर धनसिंह और रेखा कोर्राम को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए 29 तक मौका

**कांकेर।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों के लिए पंजीयन 26 से 29 जून तक होगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने कहा कि परिणाम की घोषणा 04 जुलाई को होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया 05 से 08 जुलाई तक चलेगी। सभी छात्र निर्धारित तिथि में आबंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। तृतीय चरण के लिए 10 से 13 जुलाई एवं प्रवेश 19 से 22 जुलाई तक होगा।

### अस्पताल में योगा

**नगरनार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगरनार के स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ के द्वारा योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। इनमें विकास दास, तमा आशिम गाइन, माया गावड़े, भारती नाग, क्षमता दास, शकुन्तला भण्डारी तथा उपासना शामिल थे।

**आयोजन : प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया 461 वां बलिदान दिवस**

# वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा, युवाओं को भी देगा प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




भानुप्रतापपुर में गोंडवाना समाज के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की 461 वां बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर ने रानी दुर्गावती प्रतिमा के पास लाइटिंग और फव्वारे को ठीक कराने की मांग किए जाने पर उनके द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ठीक कराने की बात कहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि रानी दुर्गावती सिर्फ गोंडवाना समाज के लिए ही नहीं अपितु हमारे देश के सभी समाज के लिए गर्व की बात है, जिन्होंने अपने देश के लिए अपने आपको बलिदान करना उचित समझा, लेकिन देश के दुश्मनों के सामने कभी भी सिर झुकाना पसंद नहीं किया। उनका बलिदान युगों -युगों तक याद किया जाएगा और उनके पद चिन्हों पर हम सबको चलकर आने वाली नई पीढ़ी को भी ऐसे हमारे महापुरुषों से अवगत कराना होगा, जिससे उनके अंदर देश प्रेम की भावना जागृत हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आरएल नुरुटी ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की वीर शासिका ने 51 युद्धों में विजय प्राप्त की और अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए 1564 में शहादत दी। उनका बलिदान और साहस भारतीय इतिहास में अमर रहेगा। भारत के इतिहास में रानी दुर्गावती का नाम उन वीरांगनाओं में शामिल है, जिन्होंने न केवल अपने साम्राज्य की रक्षा की बल्कि अपनी मातृभूमि के लिए जान की बाजी लगाई। रानी का जीवन बलिदान, संघर्ष और साहस से भरा हुआ था। इनका नाम आज भी उन वीरांगनाओं में लिया जाता है, जिन्होंने मुगलों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया।

इस अवसर पर सीपी ठाकुर, पारस उसेंडी, लालसिंह पोटाई, निर्भय कोवाची, श्रीराम उयके, गिरधारी लाल नरेटी, अरमिला सोरी, यशोदा करंगा, भुनेश्वरी नेगी, नीतू लाटिया, रामेश्वरी दुग्गा एवं समाज जन उपस्थित रहे।

### वीरांगना रानी दुर्गावती का मनाया बलिदान दिवस

**कांकेर।** गोंडवाना समाज और सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के द्वारा आदिवासी समाज की गौरव महिला सम्मान और सशक्तिकरण कि प्रतीक गोंडवाना साम्राज्य कि वीरांगना महान शासक रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस गोंडवाना भवन माकड़ीखूना में मनाया गया। माकड़ी क्षेत्र गोंडवाना समाज अध्यक्ष इंदल मंडावी ने कहा कि रानी दुर्गावती ने अपने जल जंगल जमीन और अपने सम्राज्य के लड़ाई डट कर लड़ी है। हमें लिए प्रेरणा लेने चाहिए और भी बस्तर में फर्जी मुठभेड़ बिना ग्राम सभा के पंचायत से अनुमति लेकर जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। इतने सारे कानून हैं और हम केवल तमाशा देखते रहे हैं, इसके लिए गांव गांव जागरूकता अभियान चलाने कि कोशिश रहेगी। युवा प्रभाग ब्लॉक अध्यक्ष छविंद्र मंडावी ने कहा कि युवाओं को अपने इतिहास से सीखने कि जरूरत है तभी हम आने वाले समय में अपने आप को साबित कर सकेंगे, जैसे रानी दुर्गावती के बलिदान को हम हर साल याद करते हैं वहां भी इतिहास के पन्नों पर है। इस अवसर पर कोमल तुमरेटी, ईश्वर कुमेटी, कुंवर सिंह नेताम, तुलेश मंडावी, पीतांबर शोरी, रितु कावड़े, अंजली नेताम, रोहन उइके, निखिल मंडावी, तनुज हिड़को, विक्की मंडावी, दीप्ति नेताम, अर्चना नरेटी शामिल रहे।

# घरों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार बने खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दसपुर



- ग्रामीणों में बना हुआ है भय का माहौल

आतुरगांव में बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है, जहां 33 केवी हाई वोल्टेज की विद्युत तार एक ग्रामीण के घरों के ठीक ऊपर से होकर गुजर रही है। इस खतरनाक स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है, क्योंकि इस तार के चलते कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घट सकती है। ग्रामवासियों ने बताया कि यह तार उनके घर की छत से बेहद करीब होकर जा रही है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को लेकर परिजन चिंतित हैं।

ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा ईश्वर कावडे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जाएजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को अश्वत किया कि यह समस्या जल्द ही हल की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह पूरी स्थिति विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की परिणाम है। जनपद अध्यक्ष ने कहा ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इस समस्या का समाधान ग्रामीणों के हित में जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष के साथ आए अन्य जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी गांववासियों की बात ध्यान पूर्वक सूनी और समस्या को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्युत तार को तत्काल हटाकर वैकल्पीक सुरक्षित मार्ग से गुजारा जाए, जिससे उनके जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निष्कर्ष बिजली विभाग की लापरवाही से उत्पन्न यह स्थिति किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। जनपद अध्यक्ष द्वारा मौके पर पहुंचकर की गई पहल से ग्रामीणों को उम्मीद जगी है कि अब उनकी समस्या पर गंभीरता से विचार होगा और जल्द समाधान निकलेगा।

# मोर गांव, मोर पानी महाभियान : जल संकट से मुक्ति की ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल का मुख्य लक्ष्य वर्षा ऋतु में इसे एक जन आंदोलन का रूप देना है, जिससे जिले को जल संकट से स्थायी रूप से निजात मिल सके। राज्य सरकार के निर्देशन और कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों की योजना तपकहम जव अंससमल के आधार पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर बनाई जा रही है। वर्तमान में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की सहभागिता से कार्ययोजना का निर्माण शुरू हो चुका है। ग्रामीण ट्रांजिट वॉक के माध्यम से अपने क्षेत्रों के संसाधन मानचित्र तैयार किया जा रहा हैं। वर्तमान में 17 ग्राम पंचायतों में यह कार्ययोजना निर्माण पूर्ण भी हो चुका है। जल संरक्षण अभियान के तहत उत्साह जनक परिणाम सामने आ रहे हैं, पिछले वर्ष से ही जिले के निष्क्रिय बोरवेल में रिचार्ज पिट का निर्माण कर भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण कार्यों की स्वीकृति भी लगातार जारी है। अब तक 1500 से अधिक जल संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी जा चुकी है. इनमें तालाब निर्माण, निजी कृषि तालाब, सोखता गड्ढे, कंटूर ट्रेंच, गैबियन स्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये प्रयास जिले में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय समुदायों की आजीविका को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। यह महाभियान जिले में जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार विकास सुनिश्चित कर रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि इन निरंतर प्रयासों से जिले को जल्द ही जल संकट से पूर्ण मुक्ति मिलेगी, जिससे स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

### मानसून पूर्व रखरखाव कार्य में की ट्री कटिंग व मेंटनेंस

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन में मंगलवार की सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे मानसून पूर्व रखरखाव कार्य में की लाईन से सटे ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस किया। इसमें कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के निर्देश पर सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर एवं कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी नेतृत्व में कर्मचारी दिन भर जुटे रहे। मेंटनेंस के चलते सनसिटी सूर्य मंदिर, मोहन नगर, पुराना मनीष किराना, जलाराम मंदिर, मैत्री संघ गली, एफसीआई गोडाउन, बंगिय समाज, जमाल मिल, पुराना फॉरेस्ट कालोनी, कालीबाड़ी स्कूल, माड़िया चौक, कुम्हारपारा फिरंता बाजार चौक, बोधघाट, वर्धमान कालोनी, साकेत कालोनी, एयरपोर्ट, बीएसएनएल ऑफिस, वृंदावन कॉलोनी,चमडा गोदाम, मस्जिद, अरोरा गली, लुथरान चर्च, कालिबाड़ी एवं आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

# महेंद्रपुर में मनाया शाला प्रवेशोत्सव बच्चों का मुंह मीठा कराकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर नव प्रवेशी बच्चों के साथ शिक्षक, छात्रों, अभिभावकों व अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की एवं नवप्रवेशी बच्चों को तिलक वंदन व मुंह मिठा कराकर स्वागत किया गया और ड्रेस, पुस्तक व चॉकलेट इत्यादि भेंट किया।

सरपंच बलराम टेपारिया ने बच्चों को लगन से पढ़ाई, खेलकूद और सभी गतिविधियों में शामिल होने प्रेरित किया। शासन से मिल रही योजनाओं को बच्चों को अवगत कराया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंचराम नरेटी ने कहा बच्चे हमारे आने वाले कल के भविष्य हैं। शिक्षा भविष्य के लिए बहुत ही जरूरी है। शिक्षा को अपनी ढाल बनाकर निरंतर आगे बढ़ते रहे, सफलता जरूर मिलेगी। वार्ड पंच शान्ता सलाम ने कहा बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते हैं, शिक्षक ही उन्हें आकर देकर उनके सपनों को साकार करते हैं। देवाराम कोठारे ने छात्रों को नियमित स्कूल आकर पढ़ाई करने कहा। प्रधानपाठक सुमित्रा कोठारे ने संस्था के नियम कायदे बनाकर रखने, वेशभूषा, पुस्तक, कॉपी अपने कालखंड में पहूँचकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर सुखूराम नेताम, देवीलाल मंडावी,रवीशंकर साहू, लीना नेताम, जयपाल उयके, छत्तरसिंह नरेटी, अंकालू नरेटी, जोहर पटेल, अगनू बारला, अजय सलाम, आकेश जैन व अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

# पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को आजीवान कारावास की मिली सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- चारामा थाना के गांव चिनौरी का मामला
- तीन साल पहले हुई थी वारदात



तीन साल पहले चारामा थाना के गांव चिनौरी में महिला की जल कर हुई मौत के मामले में उसे न्याय दिलाने जुटे परिवार को मंगलवार कोर्ट के आए फैसले ने राहत दिलाई। पति ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया था।

इसी मामले में कोर्ट ने पति को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। पीड़िता की ओर से पैरवी कर रहे सरकारी वकील ईश्वर साहू ने बताया चिनौरी में 25 दिसंबर की रात 8 बजे 27 वर्षीय महिला सरस्वती सिन्हा पति कृष्णा बुरी तरह जल गई थी, जिसे तत्काल चारामा अस्पताल लाया गया था। महिला के 80 प्रतिशत से अधिक जलने के कारण रायपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अपने मरणासन्न बयान में महिला ने बताया था कि उसने कृष्णा सिन्हा से साल 2016 मे प्रेम विवाह किया था, लेकिन बाद में दोनों के बीच विवाद होने लगा। घटना की रात पति अपने पिता को टंगिया लेकर मारने की धमकी दे रहा था, जिसे पत्नी ने उसे रोका तो वह उसी से विवाद करने लगा। जिस पत्नी ने उसे डराने के लिए अपने ऊपर मिट्टी तेल डाल लिया।

इसी दौरान पति उसे कहा तू मजाक करती है, आज मैं तुझे खतम कर दूंगा कहते हुए चूल्हा से जलती हुई लकड़ी उठा पत्नी को आग लगा दिया, जिससे पत्नी जल गई। महिला की मौत के बाद चारामा थाना में आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। इसी मामले में मंगलवार 24 जून को जिला जज आनंद कुमार ध्रुव ने सुनवाई करते आरोपी पति को आजीवन कारावास व पांच सौ रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# नवरंगपुर की घटना को लेकर जिले की अधिकतम राशन दुकानों पर लटके रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सारंगढ़ जिले के ग्राम नवरंगपुर में राशन दुकान के सेल्समैन पर चाकू से हमला की घटना को लेकर छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ में आक्रोश है।

- सेल्समैन पर चाकू से किया गया हमला
- 493 में से 426 दुकानें बंद रही जबकि 67 दुकानें खुली रही

जिले के सभी राशन दुकानों को एक दिन बंद रखने का आव्हान किया था। जिले की 493 में से 426 दुकानें बंद रही जबकि 67 दुकानें खुली रही तथा वहां राशन वितरण किया गया।

जिला सारंगढ़ के ग्राम नवरंगपुर में राशन दुकान सेल्समैन लखन बरेठ पर जितेंद्र सिदार ने राशन वितरण में विलंब को लेकर धारदार चाकू से हमला कर दिया। इसके विरोध में छग शासकीय उचित मूल्य विक्रेता कल्याण संघ ने पूरे प्रदेश भर में 24 जून को एक दिवसीय बंद का निर्णय लिया। संघ के आव्हान पर प्रदेश के साथ कांकेर जिले में भी राशन दुकानो को बंद रखा गया। एक दिन पहले ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपते आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। संघ पदाधिकारियों का कहना है अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ईपास मशीन में तकनीकी परेशानी के चलते राश्न वितरण में विलंब होता है तथा इसका खामियाजा राशन दुकानों के सेल्समैनों को भुगतना पड़ता है। मुंगेली जिले के ग्राम लोरमी में भी शिक्षक शोभाराम यादव ने कुछ दिन पहले सेल्समैन के साथ गाली गलौज करते जान से मारने धमकी दी थी। नए ईपास मशीन के साफ्टवेयर में सुधार किया जाए ताकी समय पर राशन वितरण हो और इस प्रकार की अप्रिय वारदातें नहीं हों। एसा नहीं होने पर संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव सिन्हा, प्रदेश संयोजक विष्णु नाविक, कांकेर जिला अध्यक्ष कमलेश जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के आव्हान पर 24 जून को जिले की 493 में से 426 राशन दुकानें बंद रहीं। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 67 राशन दुकानें खुली रही जहां राशन वितरण कार्य हुआ। जून महीने लगभग बीत चुका है तथा अभी तक की स्थिति में 64 प्रतिशत परिवारों को ही राशन वितरण हो पाया है। राशन विक्रेताओं के अनुसार नई ईपास मशीन के सरवर में लगातार परेशानी आ रही है। इस वजह से राशन वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है।

### नई मशीन में आ रही दिक्कत

राशन दुकानो में नई ईपास मशीन 14 जून को वितरण की गई है। नई मशीन में भी दिक्कत आ रही है। नई ईपास मशीन में भी लगातार परेशानी आने से राशन वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर कार्डधारी आए दिन सेल्समैनों से विवाद कर रहे हैं। खाध विभाग के अफसरों का कहना है नई ईपास मशीन की वजह से परेशानी नहीं हो रही है बल्कि तीन माह का चावल वितरण किया जा रहा है इस कारण समय लग रहा है।

### आईटीआई भानपुरी में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन संस्था में संचालित एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, दो वर्षीय व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर व्यवसायों के लिए किया जा सकता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**मावा मोदोल मंथन प्रतिभा खोज प्रारंभ**

# जिले के प्रत्येक गांव में प्रतिभा तराशने होगी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल मंथन के तहत जिले के प्रत्येक गांव से प्रतिभा खोज का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत व आश्रित ग्राम में रहने वाले युवा छात्र-छात्राओं जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है। ऐसे समस्त छात्रों की पहचान करना, उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से उन्हे जरूरी पाठय सामग्री उपलब्ध कराया जाना, कैरियर काउंसलिंग करना, तथा उन्हे स्थायी रोजगार के लिए तैयार किया जाना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि क्षेत्र की युवा ग्रामीण छात्रों को जो प्रति दिवस मावा मोदोल कोचिंग या शासन के योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन छात्रों में प्रतिभा की कमी नही है। भौगोलिक और आर्थिक रूप पिछडे हुए छात्रों की प्रतिभा को तराशा जाना है। उपरोक्त उद्देष्य की पूर्ति के लिए मावा मोदोल मंथन योजना जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किया गया है। जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 25 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम सभा में मावा मोदोल मंथन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से पंजीयन कराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा गुगल लिंक जारी किया गया है तथा बार कोड भी जारी कर पंचायतों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम सभा में इस बिन्दुओं की अनिवार्यतः चर्चा किया जाए ताकि ग्राम के योग्य युवाओं को स्थायी रोजगार से जोडे जाने के लिए प्रशासन प्रयासरत है। इस लिंक में क्षेत्र के युवाओं के व्यक्तिगत जानकारी के साथ साथ शैक्षणिक योग्यता और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी चाही गई है। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेने के लिए अपील किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411